राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय

तृतीय तल, राजीव गाँधी विद्या भवन, शिक्षा संकुल परिसर
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर

दूरभाषः 0141. 2361116– 20 ईमेलः risujaipur@gmail.com वेब साईटः www.rajskills.edu.in

जे.डी.ए. द्वारा राजस्थान राज्य आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय को 23 एकड़ जमीन आवंटित

कुलपति डॉ. ललित के. पंवार द्वारा अधिकारियों के साथ जमीन का निरीक्षणः आर.एस.आर.डी.सी. से मास्टर प्लानः संविधान पार्क भी बनेगा।

जयपुर 23 जून। जयपुर विकास प्राधिकरण ने राजस्थान राज्य आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय को सीकर मार्ग पर चौप ग्राम में बनने वाले ''नॉलेज सिटी'' में 23 एकड़ जमीन आवंटित की है। प्राधिकरण ने विश्वविद्यालय को यह भूमि निःशुल्क देने के लिए राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा है।

राजस्थान राज्य आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार ने विश्वविद्यालय व जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ आवंटित भूमि का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य सड़क विकास निर्माण निगम (आर.एस.आर.डी.सी.) के द्वारा आवंटित भूमि का मास्टर प्लान तैयार करवाया जायेगा।

डॉ. पंवार ने बताया कि आवंटित जमीन में विश्वविद्यालय के नये परिसर का निर्माण राज्य सरकार द्वारा बजट आवंटन के पश्चात मास्टर प्लान के अनुरूप किया जायेगा। उन्होंने बताया कि परिसर में राज्यपाल एवं कुलाधिपति की मंशा के अनुरूप संविधान पार्क का निर्माण भी करवाया जायेगा जो विश्वविद्यालय का प्रमुख केन्द्र होगा। यह विश्वविद्यालय अन्य सामान्य विश्वविद्यालयों से भिन्न होने के फलस्वरूप इसका प्रमुख ध्येय कौशल शिक्षा के माध्यम से तत्काल रोज़गार उपलब्ध कराना है।

कुलपति ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय को राज्य सरकार ने बाड़मेर जिले के पचपदरा ग्राम के निकट स्थित पेट्रोलियम रिफाइनरी के निकट ही 30 एकड़ निःशुल्क भूमि आवंटित की है जिसे ऊर्जा ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस ऊर्जा ग्राम में भी संविधान पार्क का निर्माण कराया जायेगा।

कुलपति डॉ. पंवार के साथ चौप ग्राम में आवंटित भूमि के निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के कौशल शिक्षा निदेशक प्रो. अशोक के. नगावत, कुलसचिव श्री देवेन्द्र शर्मा, वित्तीय सलाहकार श्री उम्मेद सिंह, परीक्षा नियंत्रक श्री पी.एम. त्रिपाठी, सम्पदा निदेशक श्री वी.के. माथुर, के.एम. जैकब, जे.डी.ए. के उप नगर नियोजक व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

फोटो कैप्शनः— राजस्थान राज्य आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित के. पंवार अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय को आवंटित भूमि का मौके पर निरीक्षण करते हुए।